# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 242 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 25 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## सीएम भजनलाल शर्मा बोले जीत-हार का आधार कार्यकर्ता, प्रशिक्षण से मजबूत होगा संगठन

### प्रदेश भाजपा कार्यालय में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' की राज्य स्तरीय कार्यशाला





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसी भी राजनीतिक दल की सफलता उसके कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन और दायित्वबोध पर निर्भर करती है। शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता का व्यक्तित्व निर्माण ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

मुख्यमंत्री प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' की राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है और यही उसकी वैचारिक शक्ति का मूल आधार है। एक विचारधारा के साथ निरंतर आगे बढ़ने वाला यह संगठन आज देशभर में वटवृक्ष के रूप में स्थापित हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता में संगठन के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। यह केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विचार और संस्कार निर्माण की प्रक्रिया है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में मिले मार्गदर्शन को जिला, मंडल और बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए।

अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि 7 मार्च से 15 अप्रैल तक देशभर में प्रशिक्षण महाभियान चलाया जाएगा। प्रदेश स्तर की कार्यशाला के बाद जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक एवं संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल, रेफर



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**सांवर वैष्णव ।** कस्बे में कोटड़ी चौराहा से खजीना रोड पर मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

कांस्टेबल रजनीश कुमार ने बताया कि सड़क पर बने गड्ढे को बचाने के प्रयास में दोनों बाइक आपस में टकरा गईं। हादसे में आकोला निवासी पवन दरगड़ पिता जगदीश दरगड़ को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। वहीं आकोला निवासी जगदीश नुवान पिता बंशी नुवान को भी चोटें आईं, जिन्हें निजी वाहन से भीलवाड़ा भेजा गया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डीएसटी व पुलिस की कार्रवाई में अवैध बजरी से भरा डंपर जब्त, चालक गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**(सांवर वैष्णव)** जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) व पुलिस ने सोमवार देर रात सवाईपुर क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक डंपर जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद डंपर व चालक को बड़लियास थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया।

बड़लियास थाना एएसआई गोपाल सिंह ने बताया कि डीएसटी टीम ने आकोला रोड पर एक डंपर को अवैध बजरी परिवहन करते हुए देखा और उसे रुकने का संकेत दिया। इस पर चालक डंपर को नेशनल हाईवे से भीलवाड़ा की ओर ले गया। बाद में सवाईपुर पुलिस चौकी के पास डंपर से बजरी खाली करने का प्रयास किया।

डीएसटी व पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए डंपर सहित चालक रतन पिता देवीलाल नाथ, निवासी चमनपुरा ,बनेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान हाईवे पर कुछ बजरी भी बिखर गई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया।

## धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बोले 'सनातन में नारी पूज्य, अपने मूल से जुड़ो'

### पुष्कर कथा में सनातन, आस्था और राष्ट्र विषय पर दिए मुखर संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर ।**

पुष्कर के नए मेला मैदान में आयोजित हनुमंत कथा के दूसरे दिन बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने अपने संबोधन में सनातन धर्म, आस्था और सांस्कृतिक पहचान को लेकर कई मुखर वक्तव्य दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी अन्य मजहब में जन्म हुआ होता तो बिना फोटो के पूजा करनी पड़ती, जबकि सनातन धर्म में आस्था की विविधता और स्वतंत्रता है।

शास्त्री ने कहा कि सनातन परंपरा में नारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, इसलिए यहां 'राम-सीता' नहीं बल्कि 'सीताराम' कहा जाता है। उन्होंने लोगों से अपनी जड़ों से जुड़े रहने का आह्वान करते हुए कहा, 'अपने बाप को बाप मानो, दूसरों के बाप को क्यों बाप बना रहे हो।' अजमेर के हिंदुओं से पुष्कर आने की अपील भी की।



प्रधानमंत्री के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में किए गए कार्य, चाहे राम मंदिर निर्माण हो या केदारनाथ धाम का विकास, ऐतिहासिक हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी राजनीतिक दल से जुड़े नहीं हैं, लेकिन जो राष्ट्र और सनातन के लिए कार्य करेगा, उसे व्यासपीठ से आशीर्वाद मिलेगा।

कथा के दौरान उन्होंने भक्ति की परिभाषा समझाते हुए कहा, 'जो भगवान से मांगता है वह भक्त है, लेकिन जो भगवान को मांगता है वह परम भक्त है।' हनुमान आरती और भजनों के साथ श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए।

तीन दिवसीय कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं और आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है।

## अवैध बजरी पर पारोली पुलिस का शिकंजा, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह ।** पारोली क्षेत्र में अवैध बजरी दोहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है । थाना पुलिस ने सरा का खेड़ा के पास बनास नदी क्षेत्र में छापा मारकर अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया , पुलिस की अचानक कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है ।

पुलिस ने मामले की सूचना माइनिंग विभाग को दे दी है, ताकि अवैध खनन से जुड़े प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई



की जा सके । पारोली थाना प्रभारी सियाराम ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बजरी दोहन व परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी । पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया।

## पार्श्वनाथ तीर्थ पर योगसागर महाराज संसंघ का भव्य आगमन, संतों का हुआ अद्भुत मंगल मिलन







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(रमेश गुर्जर )।** श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र में पूज्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ निर्यापक मुनि योग सागर महाराज संसंघ का मंगलवार को प्रातःकालीन बेला में ऐतिहासिक मंगल प्रवेश हुआ। संघ नला का माताजी से विहार करते हुए तपोदय तीर्थ क्षेत्र पहुंचा, जहां भावपूर्ण वातावरण में भव्य अगवानी की गई।

तीर्थ पर विराजमान मुनि वैराग्य सागर एवं मुनि सुप्रभ सागर महाराज ने ज्येष्ठ निर्यापक मुनि योगसागर महाराज की अगवानी की। संतों के इस मंगल मिलन के दृश्य ने उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मुनि संघ में कुल 12 दिगंबर मुनि संत शामिल हैं।



इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी, सकल दिगंबर जैन समाज बिजौलियां एवं मेवाड़ प्रांत सहित आसपास के क्षेत्रों सिंगोली, ठुकराई, बोराव, बूंदी, कोटा, आरोली, डाबी, सलावटिया, छोटी बिजौलियां, चांदजी की खेड़ी, झांतला, महुवा, मानपुरा, बेगूं और लाम्बाखोह से पहुंचे साधर्मीजन बने।

मंगल प्रवेश के पश्चात धार्मिक देशना का आयोजन हुआ। महिला मंडल द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज की पूजन की गई। दीप प्रज्वलन, चित्र अनावरण एवं शास्त्र भेंट के कार्यक्रम संपन्न हुए। तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष लाभचंद पटवारी के नेतृत्व में मुनि संघ से आगामी 7 मार्च को आयोजित वार्षिक मेले में सानिध्य प्रदान करने का निवेदन किया गया। इस अवसर पर पूज्य मुनि सुप्रभ सागर ने धार्मिक उपदेश दिया, वहीं निर्यापक ज्येष्ठ-श्रेष्ठ मुनि योगसागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्रावक समाज को धर्म मार्ग पर दृढ़ रहने का संदेश दिया।

इसके पश्चात तीर्थ क्षेत्र पर मुनि संघ की आहारचर्या आयोजित हुई। अनेक परिवारों द्वारा चौके लगाए गए और पढ़गाहन के पावन क्षणों ने वातावरण को पूर्णतः धर्ममय बना दिया। निर्यापक मुनि योगसागर महाराज की आहारचर्या का पुण्यार्जन सुरेंद्र कुमार, विकास कुमार, विवेक, विशाल, विनीत हरसौरा परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि के प्रवास के दौरान प्रतिदिन बड़े बाबा मंदिर में शांतिधारा, धार्मिक उपदेश, आहारचर्या एवं सायंकाल आचार्य भक्ति का आयोजन किया जाएगा।

## सड़क हादसे में कार से डोडा-चूरा बरामद, आरोपी फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हुरड़ा रोड पर मंगलवार को बोलेरो और अल्टो कार की भिड़ंत में दुर्घटनाग्रस्त कार से अवैध मादक पदार्थ (डोडा-चूरा) बरामद हुआ। हादसे में बोलेरो सड़क पर पलट गई, जबकि अल्टो कार क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब दोनों वाहनों की जांच की तो अल्टो कार के भीतर डोडा-चूरा से भरे तीन कट्टे बरामद हुए। दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों में सवार लोग मौके से फरार मिले।

जांच के दौरान अल्टो कार के पंजीयन नंबर के आधार पर वाहन मालिक की पहचान शाहपुरा थाना क्षेत्र निवासी महेंद्र के रूप में हुई है। आशंका जताई जा रही है कि दुर्घटना के बाद पकड़े जाने के डर से कार सवार मादक पदार्थ छोड़कर फरार हो गए।




पुलिस ने दोनों वाहनों और बरामद डोडा-चूरा को जब्त कर लिया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वाहन मालिक व संबंधित आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि मादक पदार्थ की खेप कहां से लाई जा रही थी और किस स्थान पर सप्लाई की जानी थी।

# छाजवो का खेड़ा में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ, 100 लोगों ने ली दीक्षा



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

तहसील क्षेत्र की नवगठित ग्राम पंचायत छाजवो का खेड़ा में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन हुआ। पूरे गांव में गायत्री मंत्र की गूंज और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय चारभुजा मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई। सिर पर मंगल कलश धारण किए महिलाएं एवं भजन गाते श्रद्धालु मुख्य मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। कलश यात्रा में सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महायज्ञ के दौरान गायत्री परिवार के विद्वानों ने भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कुरीतियों के त्याग का आह्वान किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने 'हम बदलेंगे युग बदलेगा' के संकल्प के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रण लिया। कई भक्तों ने तंबाकू, अफीम व अन्य नशीले पदार्थों से जीवनभर दूर रहने की शपथ भी ली।


भीलवाड़ा जिले के गायत्री परिवार के प्रमुख रामेश्वरजी सिखवाल के सान्निध्य में आयोजित दीक्षा कार्यक्रम में 100 महिला-पुरुषों ने गायत्री मंत्र की दीक्षा लेकर नियमित जप का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में अर्जुन सिंह, रमेश, रमेश तोलंबिया, सुखदेव कुमावत, उग्म कुमावत, सांवर कुमावत, श्यामजी कुमावत सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# दोवनी डूंगरी देवनारायण मंदिर में सातम बन्देज उद्यापन का भव्य समापन

## 178 जोड़ों ने किया सामूहिक हवन, 2 लाख आहुतियां अर्पित , मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



क्षेत्र के दोवनी गांव स्थित डूंगरी के देवनारायण भगवान मंदिर परिसर में पिछले 12 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा सातम बन्देज उद्यापन कार्यक्रम मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर 178 जोड़ों ने विधि-विधान से सामूहिक हवन-यज्ञ कर भगवान विष्णु के नाम 2 लाख पवित्र आहुतियां अर्पित कीं।

मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। वेद मंत्रों की गूंज और भक्ति भाव से सराबोर माहौल ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। आयोजन समिति के अनुसार, यह कार्यक्रम विगत 12 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और हर वर्ष इसमें श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

मेले में बच्चों, महिलाओं और युवाओं ने झूला-चकरी सहित विभिन्न आकर्षणों का आनंद लिया। स्टॉलों पर भी दिनभर रौनक बनी रही। समापन अवसर पर प्रसादी वितरण किया गया तथा रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे।

कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व कोटड़ी प्रधान नीरज गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य भंवर गुर्जर (सिंहपुरा), अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# होली से पहले मिलावटखोरों पर शिकंजा, 45 किलो अवधिपार सामग्री नष्ट



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

होली के त्योहारी सीजन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मंगलवार को सघन जांच अभियान चलाया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, जिन्हें प्रयोगशाला जांच के लिए अजमेर भेजा गया, जबकि 45 किलोग्राम अवधिपार (एक्सपायरी) सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई गई।

जांच के दौरान मांडलगढ़ के त्रिवेणी चौराहा स्थित मैसर्स भवानी, जोधपुर स्वीट से बर्फी का नमूना लिया गया। बस स्टैंड रोड स्थित मैसर्स भगवान ट्रेडर्स से कच्चीघानी सरसों तेल (ट्रेन मार्का) का सैंपल लेकर 40 किलो विविध अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई। वहीं बीगोद के पुराना हॉस्पिटल रोड स्थित नमोकार ट्रेडर्स से लाल मिर्च का नमूना लिया गया तथा 5 किलो अवधिपार चॉकलेट नष्ट की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि त्योहारी सीजन में आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट की जांच करने की अपील करते हुए मिलावट संबंधी शिकायत दर्ज कराने का आग्रह किया है।

# स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने की कवायद, एसडीएम के कड़े निर्देश



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) को प्रभावी बनाने के लिए उपखंड अधिकारी एवं नगर पालिका प्रशासक परमजीत सिंह ने पालिका अधिकारियों की बैठक लेकर साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण प्रतिदिन सुबह 6:30 से 10:30 बजे तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए तथा गीला-सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित किया जाए।

खाली प्लॉटों और कचरा पॉइंटों पर जमा गंदगी को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने सफाई नहीं होने पर संबंधित भू-स्वामियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में शिफ्ट करने को भी कहा गया। अधिशाषी अधिकारी विकास कुमावत ने कहा कि स्वच्छता की सफलता का आधार कचरा पृथक्करण है। पालिका टीमें घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगी और कमर्शियल क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई को प्रभावी बनाया जाएगा।

बैठक में सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई, प्लास्टिक मुक्त अभियान और वार्डवार ड्यूटी चार्ट जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

# बकरियां चोरी करने वाली अंतरजिला गैंग का पर्दाफाश, 37 बकरियां बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में बढ़ रही पशु चोरी की वारदातों के बीच रायपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बकरियां चोरी करने वाली अंतरजिला गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के मुख्य सरगना नाथु सिंह सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 5 लाख रुपये कीमत की 37 चोरी हुई बकरियां बरामद की हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त लोडिंग टेम्पो भी जब्त किया गया है।

यह कार्रवाई थानाधिकारी शंभु दयाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। मामला 11 फरवरी 2026 का है, जब रायपुर निवासी देवीलाल पुर्बिया ने रिपोर्ट दी थी कि 8 फरवरी की रात उसके बाड़े से 37 बकरियां चोरी कर ली गईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान सामने आया कि गिरोह का एक सदस्य स्थानीय निवासी था, जो दिन में क्षेत्र की रैकी करता था और रात में अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देता था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने मुख्य सरगना नाथु सिंह सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने रायपुर से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने, मेरणिया खेड़ा से दो भैंस तथा बैठुम्बी गांव से तीन भैंस चोरी करने की वारदातें स्वीकार की हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में हरिशंकर (28) व रामेश्वर (32) निवासी बेठुम्बी, राजसमंद तथा नाथु सिंह (38) निवासी मंडोल, रायपुर शामिल हैं। पुलिस ने बरामद बकरियों को उनके मालिक को सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# जोगणिया माता शक्तिपीठ में आज सजेगी साहित्य और संस्कृति की शाम



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**रमेश गुर्जर ।** चित्तौड़गढ़ लिटरेचर फेस्टिवल 2026 के अंतर्गत श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान की ओर से बुधवार को सायं 6 बजे से 9 बजे तक शक्तिपीठ परिसर में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन निर्माणाधीन नवग्रह-नक्षत्र वाटिका में किया जाएगा, जिसमें धर्म, संस्कृति, पर्यावरण एवं साहित्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देशभर से आए विद्वान अपने विचार व्यक्त करेंगे।

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल्हापुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अर्जुन चव्हाण होंगे। विशिष्ट अतिथियों में जयपुर के लोकेश कुमार साहिल, बिजनौर के डॉ. सांरगा देश असीम तथा नीमच के प्रमोद रामावत शामिल रहेंगे।

डॉ. शकुंतला सरूपरिया के संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। इनमें वड़ौदरा की डॉ. राखी सिंह कटियार, नीमच की वंदना योगी, भीलवाड़ा के दिनेश दीवाना, जयपुर की डॉ. वीना जोशी, भीलवाड़ा के अवधेश जौहरी, गोविंद गुप्ता तथा लखीमपुर खीरी के प्रशांत मिश्रा सहित अन्य कवि शामिल रहेंगे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत जयपुर की बाल नृत्यांगनाएँ दान्या जैन एवं प्रियांशी द्वारा कत्थक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं एस.के. इवेंट की ओर से राधा-कृष्ण फाग, चरी नृत्य सहित विभिन्न लोकनृत्यों की प्रस्तुति से कार्यक्रम में रंगारंग माहौल बनेगा।

# विधानसभा में गूंजा जिंदल सॉ का खनन मामला, कोठारी ने उठाए गंभीर सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में नियम 131 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत कर जिंदल सॉ लिमिटेड को आवंटित खनन पट्टों में कथित अनियमितताओं का मामला प्रमुखता से उठाया। मंत्री के जवाब को अपूर्ण बताते हुए उन्होंने पूरे प्रकरण की पुनः गहन एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

विधायक कोठारी ने सदन में कहा कि वर्ष 2010 में कंपनी को खनन लीज देते समय खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 11(5) के प्रावधानों की अनदेखी की गई। उनका आरोप था कि केंद्र सरकार से आवश्यक स्वीकृति लिए बिना ही लीज आवंटित कर दी गई, जबकि अन्य आवेदन लंबित थे और 'पहले आओ-पहले पाओ' का सिद्धांत लागू नहीं हो सकता था।

उन्होंने लीज की शर्तों का उल्लेख करते हुए बताया कि कंपनी को 30 वर्ष की लीज देते समय 4 वर्ष में स्टील प्लांट स्थापित करने, 10 करोड़ रुपये की कीननेस मनी जमा कराने तथा प्लांट स्थापित होने तक खनिज के विक्रय पर रोक की शर्त रखी गई थी। आरोप है कि 15 वर्ष बीत जाने के बाद भी प्लांट स्थापित नहीं हुआ, फिर भी कीननेस मनी वापस लौटा दी गई और बड़े पैमाने पर लौह अयस्क राज्य से बाहर भेजा गया, जिससे राज्य राजस्व व डीएमएफटी फंड को नुकसान पहुंचा।

विधायक ने पर्यावरणीय शर्तों के उल्लंघन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशों एवं न्यायालयीन आदेशों के बावजूद नदी-नालों, कैचमेंट एरिया और ग्रामीण मार्गों को क्षति पहुंचाई गई। मामला एनजीटी में भी विचाराधीन रहा, लेकिन लीज निरस्तीकरण या कड़ी दंडात्मक कार्रवाई नहीं हुई।

चारागाह भूमि के संदर्भ में उन्होंने आरोप लगाया कि खनन पट्टा संख्या 631/05 में सैकड़ों हेक्टेयर गोचर भूमि बिना समुचित वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराए आवंटित कर दी गई। 15 वर्षों बाद भी पशुधन के लिए वैकल्पिक चारागाह उपलब्ध नहीं कराए जाने पर उन्होंने सरकार से जवाब मांगा।

इसके अलावा, भीलवाड़ा शहर के रामधाम क्षेत्र में प्रस्तावित आरओबी निर्माण, नगर निगम को देय अनुबंध राशि को सीएसआर मद में दर्शाने और लापिया प्वाइंट व जालिया क्षेत्र में कथित अवैध ब्लास्टिंग के आरोपों पर भी उन्होंने जांच की मांग की। उन्होंने डीजीएमएस से भौतिक सत्यापन कराने तथा प्रभावित ग्रामीणों के मकानों में आई दरारों की जांच कराने की बात कही।

विधायक कोठारी ने स्पष्ट किया कि उद्योगों का विकास आवश्यक है, लेकिन किसी भी कंपनी को नियमों और अनुबंध की शर्तों से ऊपर नहीं रखा जा सकता। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि अनियमितताएं पाई जाएं तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं कंपनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# बजरी माफियाओं पर अंकुश, लगातार मॉनिटरिंग से सख्ती

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध बजरी कारोबार पर प्रभावी अंकुश देखने को मिल रहा है। थाना प्रभारी पूरणमल मीना की लगातार मॉनिटरिंग और सतर्कता के चलते बजरी माफियाओं की गतिविधियों पर लगाम लगाई जा रही है। पुलिस की सक्रियता से अवैध परिवहन करने वालों में खौफ का माहौल है साथ ही मंगलवार को पुलिस ने खजुरी के निकट से एक बजरी भरा ट्रेक्टर ट्रॉली जप्त किया । पुलिस टीम नियमित गश्त कर रही है और संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। खनन व परिवहन से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई की जा रही है, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियां काफी हद तक कम हुई हैं।

थाना प्रभारी ने कहा है कि अवैध बजरी का कारोबार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा । इससे बजरी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ हे

# 14 साल पुराने लूट मामले में 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

थाना पुलिस ने वर्ष 2012 के लूट प्रकरण में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी भरतलाल मीणा (35) निवासी परमानंदपुरा (जयपुर दक्षिण) लंबे समय से फरार था।

मामले में बोलेरो सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर 7 हजार रुपये नकद व सोने का मांदलिया लूट लिया था। इस प्रकरण में चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं, जिनमें से एक की मृत्यु हो चुकी है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा घोषित इनाम के तहत विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को मांडल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



QUICK BITES

## जयपुर में विमुक्त-घुमंतू समाज का महासम्मेलन, आरक्षण व पट्टों की उठी मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



मूलचन्द पेसवानी

जयपुर में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू समाज का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें समाज के प्रतिनिधियों ने आरक्षण, पुनर्वास और स्थायी पट्टों की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा डाबला चांदा निवासी एवं जनअधिकार समिति चित्तौड़ प्रांत के संयोजक कालूलाल बंजारा के नेतृत्व में शाहपुरा क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। सम्मेलन आदर्श विद्या मंदिर स्कूल, अंबाबाड़ी में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई मंत्री उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने ओबीसी, एमबीसी व टीएसपी आरक्षण के मुद्दे उठाए तथा मंत्री ओटाराम देवासी से विस्तृत चर्चा की। मंत्री ने मामले को सरकार स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने भी समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। सम्मेलन में मांग की गई कि वर्षों से निवास कर रहे घुमंतू परिवारों को बेदखल न कर वहीं पर पट्टे दिए जाएं। साथ ही जातीय सूची की विसंगतियां दूर करने, नई जातियों को शामिल करने एवं गुरु गोरखनाथ बोर्ड गठन जैसी मांगें भी रखी गईं।

## विधायक सांखला ने सदन में गिनाईं उपलब्धियां, खाद्य सुरक्षा में 50 हजार नाम जोड़े

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।




विधानसभा क्षेत्र में विधायक जब्बर सिंह सांखला ने 16वीं विधानसभा सत्र के दौरान बजट पर ऊर्जा एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की चर्चा में राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों को पूर्ववर्ती पांच वर्ष की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से बेहतर बताया। उन्होंने क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा और बिजली व्यवस्था से जुड़े कार्यों का उल्लेख करते हुए कई मुद्दे सदन में उठाए।

भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर के अनुसार विधायक सांखला ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में 50 हजार से अधिक नए नाम खाद्य सुरक्षा योजना में जोड़े गए हैं तथा 30 से अधिक नई उचित मूल्य की दुकानों का संचालन शुरू किया गया है। विधायक ने आगूचा माइंस क्षेत्र में प्रस्तावित नए प्रोजेक्ट का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि रायला से आगूचा तक नई बिजली लाइन के लिए किसानों की जमीनों पर बड़े लोहे के टॉवर खड़े किए जा रहे हैं, जबकि किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से इस पर रोक लगाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। सांखला ने सदन में यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने दो वर्षों में व्यापक विकास कार्य किए हैं, जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पांच वर्षों में बिजली आपूर्ति के नाम पर जनता को गुमराह करती रही। उन्होंने दावा किया कि पहले 24 घंटे बिजली के नाम पर केवल 6-7 घंटे आपूर्ति होती थी, जबकि वर्तमान में किसानों और आमजन को पर्याप्त बिजली मिल रही है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भीलवाड़ा में कला का उत्सवः अल्य मिस्त्री की प्रदर्शनी का भव्य आग़ाज़

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



**मूलचन्द पेसवानी** शहर के शास्त्री नगर स्थित दीपिका आर्ट एकेडमी में कलाकार अल्य मिस्त्री की चित्रकला एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ हुआ। नवदीप एवं गुजरात ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिव्या बांगड़ सीईओ, ब्रजेश बांगड़ मेमोरियल हॉस्पिटल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विनीता गर्ग संस्थापक, भीलवाड़ा सोशल क्रू, सम्मानित अतिथि डॉ. प्रतिष्ठा छीपा कंसल्टेंट ऑप्थाल्मोलॉजिस्ट एवं ग्लूकोमा स्पेशलिस्ट तथा अतुल पाडिया संस्थापक, आर्ट डे फोटो एवं नेशनल आर्ट एसोसिएशन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकार की सृजनात्मकता की सराहना की। उद्घाटन अवसर पर कलाकार अल्य मिस्त्री ने कहा कि कला उनके लिए केवल रंगों और आकारों का संयोजन नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। उनकी चित्रकृतियों और मूर्तियों में सामाजिक सरोकार, प्रकृति, मानवीय भावनाएं और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि कला समाज को जोड़ने और संवेदनशील बनाने का सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि दिव्या बांगड़ ने अपने संबोधन में कहा कि कला व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और समाज में सौहार्द का वातावरण बनाती है। विशिष्ट अतिथि विनीता गर्ग ने ऐसे आयोजनों को शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने वाला बताया और कहा कि इससे युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलती है। डॉ. प्रतिष्ठा छीपा ने कला को मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ते हुए कहा कि चित्रकला और सृजनात्मक गतिविधियां व्यक्ति के मन को शांति और संतुलन प्रदान करती हैं। वहीं अतुल पाडिया ने अल्य मिस्त्री की कृतियों में परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय की प्रशंसा की।आयोजक दीपिका पाराशर ने बताया कि यह प्रदर्शनी 25 फरवरी बुधवार तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में विविध विषयों पर आधारित चित्रकृतियां एवं आकर्षक मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं, जो कला प्रेमियों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं। यह प्रदर्शनी दीपिका आर्ट एकेडमी, जाट भवन के सामने, सूर्य महल रोड, शास्त्री नगर, भीलवाड़ा में आयोजित की जा रही है।

# बीकानेर नाबालिग हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन, सेन समाज ने सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।



बीकानेर जिले के रणजीतपुरा (बज्जू) में 8वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा वसुंधरा सेन के साथ हुए जघन्य अपराध और हत्या के विरोध में मंगलवार को सेन समाज के बैनर तले सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों को फांसी की सजा देने तथा मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

समाजजन उपखंड कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह चारण को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर मृत्युदंड देने, पीड़ित परिवार को आर्थिक मुआवजा व सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा परिवार के पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान महिलाएं और युवा हाथों में तख्तियां लेकर 'न्याय दो' के नारे लगाते रहे। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को पूरे राजस्थान में उग्र किया जाएगा। समाज प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार ने कहा कि यह घटना पूरे प्रदेश के लिए शर्मनाक है और दोषियों को कड़ी सजा मिलने तक समाज का संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदर्शन में रामचंद्र सेन, अनिल सेन, महावीर सेन, राहुल सेन, सुरेश सेन, ओमप्रकाश सेन, कन्हैयालाल सेन, विनीत सेन, प्रभुलाल सेन, सुनील सेन, रमेशचंद्र सेन, संजय सेन, कमला देवी, किरण देवी, मंजू देवी, पूजा सेन सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा में निकलेगी संत दर्शन व भव्य सनातन शोभायात्रा, 26 को दीक्षा दान समारोह





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव के सातवें दिन बुधवार को संत दर्शन एवं भव्य सनातन शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 8 बजे अयोध्यानगर दूधाधारी मंदिर से प्रारंभ होने वाली शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए हरि शेवा धाम पहुंचेगी। इसमें दीक्षार्थी इन्द्रदेव, सिद्धार्थ व कुनाल की नगर परिक्रमा करवाई जाएगी। जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए हैं और शहर में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

उदासीन कार्ष्णि पीठाधीश्वर स्वामी गुरूशरणानंद महाराज के सानिध्य में निकलने वाली इस शोभायात्रा में देशभर से आए संत-महात्मा, प्रभात फेरी मंडलियां और हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। शोभायात्रा में नासिक, जम्मू व उड़ीसा की ढोल टीमें, शिव बारात तथा उज्जैन की महाकाल झांकी विशेष आकर्षण रहेंगी। महाराज के हेलिकॉप्टर से भीलवाड़ा आगमन पर संत समाज व श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। महोत्सव के तहत 26 फरवरी को सुबह 9 बजे आश्रम परिसर में दीक्षा दान समारोह होगा, जबकि दोपहर 1 बजे अग्रवाल उत्सव भवन में 'एक संगत-एक पंगत' के भाव के साथ विशाल समष्टि भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इधर, श्रीमद् भागवत कथा में डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर ने रासलीला एवं रूक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्ति, विरह और गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताया। उन्होंने माता-पिता सेवा, संस्कारयुक्त गुरुकुल शिक्षा और भगवान कथा के श्रवण से जीवन के संताप दूर होने का संदेश दिया। कथा के दौरान सजीव झांकी व भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

महोत्सव में प्रतिदिन पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ, भागवत मूल पाठ, शतचंडी, गीता पाठ, रामचरितमानस पाठ व रासलीला जैसे धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हो रहे हैं। शाम 6:30 बजे काशी की तर्ज पर गंगा आरती में सैकड़ों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। गुरुवार को कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र एवं भागवत सार का वाचन होगा।

# सिंगोली चारभुजा में दान पात्र खोला, 2 लाख 34 हजार एकत्रित

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।

मेवाड़ के धार्मिक स्थल सिंगोली चारभुजा मंदिर में दान पात्र खोला गया। जिसमें 2 लाख 34 हजार 2 सौ 10 रूपये प्राप्त हुए।इस मौके पर निरीक्षक भोजराज अग्रवाल,लिपिक बंशीधर , सेवागिर रामप्रसाद, प्रंबधक अर्जुन सिंह , देवस्थान विभाग अजमेर प्रशासक राकेश कुमार आर्य,राजेंद्र सिंह पुरावत,दिनेश स्वर्णकार, सुरेन्द्र कुमार पाराशर,सुरक्षा गार्ड शंकर सिंह,शंकर नाथ, कन्हैया लाल,मुरली पाराशर सहित कई लोग मौजूद रहे। रुपयों की गिनती 25 फरवरी को भी जारी रहेगी ।



# बिजोलिया में फिर पटरी पर लौटे विकास कार्य, सड़क निर्माण को मिली रफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**(नरेश धाकड़ )** कस्बे में पिछले कुछ समय से रुके पड़े विकास कार्यों ने एक बार फिर गति पकड़ ली है। नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों को दोबारा शुरू कर दिया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली है।

नगर के रोडवेज बस स्टैंड पर चल रहा निर्माण कार्य भी पिछले कुछ दिनों से ठप पड़ा था, जिसके कारण स्थानीय व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब पालिका ने पुनः कार्य प्रारंभ कर दिया है और निर्माण कार्य में


बिजोलिया नगर पालिका में बंद पड़े कार्यो को मिली गति

तेजी देखी जा रही है। विंध्यवासिनी शक्तिपीठ से मेवाड़ा गेस्ट हाउस तक बनने वाला निर्माण वापस शुरू हुआ है । इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे मंदाकिनी मंदिर क्षेत्र में अधूरा छोड़ा गया सड़क निर्माण भी फिर से शुरू हो गया है। लंबे समय से यहां सड़क अधूरी पड़ी होने से श्रद्धालुओं व आसपास के निवासियों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी। अब निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने से लोगों को जल्द ही बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद है।

वहीं पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे मालीपुरा चौराहे से केसरगंज कट तक बन रही सड़क का काम भी पुनः प्रारंभ हो गया है। यह मार्ग नगर के प्रमुख मार्गों में से एक है, जहां प्रतिदिन भारी आवाजाही रहती है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद यातायात व्यवस्था सुचारू होने की संभावना है।

गौरतलब है कि भीलवाड़ा फोकस द्वारा पिछले कई दिनों से आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जा रहा था। लगातार खबरों के माध्यम से रुके विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया, जिसके बाद अब कार्यों में फिर से गति देखने को मिल रही है।

# घोषणाओं की सरकार थी कांग्रेस, बोले विधायक खंडेलवाल

## भजनलाल सरकार के बजट को बताया 'नव-राजस्थान का रोडमैप'

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**कपिल श्याम विजय**

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में बजट अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान भाजपा सरकार बिजली, पानी और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में राज्य का 'कायाकल्प' कर रही है।

**'घोषणाएं अधिक, काम कम'**

खंडेलवाल ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार का कार्यकाल केवल लोक-लुभावन घोषणाओं तक सीमित रहा। उन्होंने कहा कि गलत वित्तीय नीतियों के कारण विद्युत वितरण कंपनियों पर 90 हजार करोड़ रुपए से अधिक का संचित




घाटा हो गया। उन्होंने कहा कि कई योजनाओं की घोषणाएं तो की गईं, लेकिन न पर्याप्त तार थे, न ट्रांसफार्मर और न ही वित्तीय प्रावधान, जिससे आमजन और किसान गुमराह होते रहे। विधायक ने विपक्ष पर पांच वर्षों तक विकास के मुद्दों की अनदेखी और आंकड़ों की 'बाजीगरी' करने का आरोप भी लगाया।

**ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा निवेश**

विधायक ने वर्ष 2026-27 के बजट को 'नव-राजस्थान का रोडमैप' बताते हुए कहा कि ऊर्जा विभाग के बजट में 39 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 34,500 करोड़ रुपए किया गया है। किसानों के लिए 100 यूनिट मुफ्त बिजली की योजना जारी रखते हुए 3,700 करोड़ रुपए की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 तक राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता 32,000 मेगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसमें सौर और पवन ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। साथ ही स्मार्ट मीटरिंग और ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के लिए 8,200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**मांडलगढ़ को विकास की सौगात**

खंडेलवाल ने कहा कि मांडलगढ़ क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए 132 केवी और 33 केवी के नए ग्रिड स्टेशनों की स्वीकृति दी गई है और इन पर कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने सदन के माध्यम से आबादी क्षेत्रों और स्कूलों के ऊपर से गुजर रही हाई-टेंशन बिजली लाइनों को शीघ्र हटाने की मांग भी रखी।

**'कथनी और करनी में नहीं अंतर'**

अपने संबोधन के अंत में विधायक ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार कथनी और करनी में अंतर नहीं करती। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार किसान, युवा, महिला और मजदूर सहित हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाविप वीर शिवाजी शाखा की बैठक में नई कार्यकारिणी घोषित



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारत विकास परिषद की वीर शिवाजी शाखा की साधारण बैठक गरिमामय वातावरण में आयोजित हुई। बैठक में वर्षभर के सेवा कार्यों की समीक्षा करते हुए सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् व संगठन प्रार्थना से हुई। वित सचिव अनुराग वोहरा व सचिव कमलेश बोड़ाना ने रक्तदान शिविर, नेत्र जांच, गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन, भारत को जानो प्रतियोगिता और पर्यावरण अभियान सहित विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। शाखा अध्यक्ष सुभाष मोटवानी ने कहा कि परिषद का उद्देश्य समाज में सेवा व संस्कार की स्थायी भावना स्थापित करना है। चुनाव पर्यवेक्षक अरुण बाहेती की देखरेख में हुए चुनाव में कमलेश बोड़ाना अध्यक्ष, पंकज अग्रवाल सचिव और दीपक चोरडिया वित्त सचिव मनोनीत किए गए।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई, प्लास्टिक थैलियां जब्त



भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।

केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के मद्देनज़र कस्बे में प्लास्टिक थैलियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने व्यापारियों को प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े की थैलियों का उपयोग करने की सलाह दी।

अभियान के दौरान विकास अधिकारी राजकुमार व्यास, चौकी कांस्टेबल हाकिम सिंह गुर्जर एवं सहायक सचिव भागीरथ मीणा ने किराना व्यापारियों के यहां से प्लास्टिक थैलियां जब्त कीं। अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम मोदी की अजमेर में प्रस्तावित आमसभा को लेकर भाजपा की तैयारी बैठक आज

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ एवं प्रदेश महामंत्री मेघवाल करेंगे मार्गदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन की एक विशिष्ट बैठक जिला कार्यालय पर आज बुधवार सुबह 11.15 बजे पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य, भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल के सानिध्य, जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं सांसद दामोदर अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित होगी।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को अजमेर में होने वाली विशाल आमसभा की तैयारी एवं उसमें जिले से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर बैठक में वरिष्ठ नेता मार्गदर्शन प्रदान कर कार्य योजना तैयार करेंगे।बैठक में जिले भर से भाजपा के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# मांडलगढ़ में किलकारी कार्यशाला आयोजित, स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर



भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

डिजिटल इंडिया अभियान के तहत 23 व 24 फरवरी को दो दिवसीय ब्लॉक कार्यालय में किलकारी व मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम की कार्यशाला आयोजित हुई। अध्यक्षता ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल लाल यादव ने की। इसमें बिजौलिया व मांडलगढ़ ब्लॉक की आशा, एएनएम व सीएचओ ने भाग लिया।

कार्यशाला में बताया गया कि भारत सरकार की किलकारी योजना के तहत पंजीकृत गर्भवती महिलाओं व एक वर्ष तक के शिशुओं के लिए मोबाइल कॉल के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाती है। इसमें एएनसी जांच, टीकाकरण, एनीमिया से बचाव, पोषण व परिवार नियोजन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं।

आशा व एएनएम को निर्देश दिए गए कि एएनसी रजिस्ट्रेशन के दौरान गर्भवती का मोबाइल नंबर पीसीटीएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करें तथा उन्हें किलकारी कॉल सुनने के लिए प्रेरित करें। कॉल मिस होने पर 14423 नंबर डायल कर संदेश दोबारा सुना जा सकता है। कार्यक्रम में प्रोग्राम ऑफिसर भागीरथ शर्मा, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संदीप कुमारी भाटिया, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर देवी लाल बारेठ व ब्लॉक नोडल ऑफिसर रिंकू जैन उपस्थित रहे।

# बीकानेर की घटना को लेकर भीलवाड़ा में रोष, दोषियों की गिरफ्तारी व फास्ट ट्रैक सुनवाई की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बीकानेर जिले की बज्जू उपतहसील के रणजीतपुरा (कुंडली) गांव में 13 वर्षीय छात्रा वसुंधरा सेन के साथ हुई जघन्य घटना को लेकर जिले में आक्रोश है। कक्षा 8वीं की छात्रा परीक्षा देने घर से निकली थी, लेकिन बाद में उसका अर्धनग्न शव थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर मिलने से पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के विरोध में सेन समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि इस हृदयविदारक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है और समाज में भय व असुरक्षा का माहौल है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि मामले में शामिल आरोपियों की अविलंब पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा प्रकरण की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा, मृत्युदंड, दिलाई जाए। साथ ही घटना स्थल थाने के निकट होने के बावजूद सुरक्षा में हुई चूक को गंभीर मानते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई है।

सामाजिक प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी उठाई है। ज्ञापन में सरकार से आग्रह किया गया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

QUICK BITES

# गो-आधारित जैविक खेती का सात दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, 325 किसानों ने लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**मूलचन्द पेसवानी**

भीलवाड़ा में गो-आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु 18 से 24 फरवरी तक सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण गोयल ग्रामीण विकास संस्थान 'श्रीरामशान्ताय' जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, जाखोड़ा (कैथून, कोटा), सरोज देवी फाउंडेशन, अपना संस्थान एवं एफ.ई.एस. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण में केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक पवन टांक ने किसानों को जैविक खेती की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी। समन्वयक महेशचंद्र नवहाल ने बताया कि चरणबद्ध विषय निर्धारण के साथ प्रशिक्षण देकर किसानों को समग्र समझ विकसित कराई गई। इसमें खेत चयन, गोबर-गोमूत्र का उपयोग, जैविक प्रमाणीकरण, हरी खाद, कीट नियंत्रण, खाद निर्माण एवं मिट्टी-पानी परीक्षण जैसे विषय शामिल रहे।

समापन सत्र में कृषि विभाग की प्रिंसिपल सेक्रेटरी मंजू राजपाल ने किसानों से गो-आधारित खेती अपनाने का आह्वान किया। डिप्टी डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह मनोहर, अजय कुमार पचोरी तथा संस्थापक ताराचंद गोयल ने भी मार्गदर्शन देते हुए इसे गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया।

प्रशिक्षण में राज्यभर से करीब 325 किसानों ने भाग लेकर जैविक खेती अपनाने का संकल्प लिया।

# नयागांव में 11 छात्राओं को साइकिल वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।



राज्य सरकार की बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीणो का नयागांव में कक्षा 9वीं की 11 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं।

साइकिल वितरण समारोह में प्रशासक रामप्रसाद मीणा मुख्य अतिथि एवं राजू लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे । जबकि विद्यालय के प्राचार्य आनंदी लाल मीणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान दुर्गा लाल, बुद्धिप्रकाश बैरवा, गायत्री, ख्यालु राम मीणा तथा प्रदीप आलोरिया सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# स्वर्णकार समाज शिव मंदिर में फागोत्सव की धूम, भजनों की धुन पर थिरकी मातृशक्ति

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।



होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में कस्बे के स्वर्णकार समाज शिव मंदिर पर स्वर्णकार समाज महिला मंडल कि महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ फागोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर अबीर-गुलाल और पुष्पों की खुशबू से सराबोर नजर आया।

फागोत्सव के अवसर पर मातृशक्ति ने भगवान शिव की मनमोहक झांकी सजाई। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भगवान को गुलाल अर्पित कर होली खेलने की शुरुआत की गई। महिलाओं ने ठाकुर जी के साथ फूलों और गुलाल की होली खेलकर सुख-समृद्धि की कामना की। भजन-कीर्तन और नृत्य का उत्साह आयोजन के दौरान महिलाओं द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। 'होली खेल रहे बांके बिहारी...' जैसे फाग गीतों पर महिलाएं झूम उठीं और सामूहिक नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। रंगों के इस त्योहार में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। स्वर्णकार समाज के सुरेश सोनी ने बताया कि 'फाग उत्सव का यह आयोजन मातृशक्ति के लिए एक विशेष अवसर था, जहाँ सभी ने एकजुट होकर भक्ति के रंगों में सराबोर होकर भगवान की आराधना की और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। '

# जीव दया अभियान के तहत 11 बोरी मक्की का वितरण, पक्षी संरक्षण का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद, द्वारा संचालित जीव दया अभियान के अंतर्गत मंगलवार को हेलेन केलर संस्थान परिसर में पक्षियों के संरक्षण हेतु 11 बोरी लगभग 1100 किलोग्राम मक्की का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य भारत सरकार के एडिशनल स्टैंडिंग काउंसिल एडवोकेट गौरव आचार्य के सहयोग से संपन्न हुआ।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब एवं मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी ने बताया कि अभियान के तहत अब तक कुल 26 बोरी लगभग 2600 किलोग्राम मक्की वितरित की जा चुकी है। इस पहल के माध्यम से पक्षी संरक्षण के साथ जीव-दया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाया जा रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, एडवोकेट गौरव आचार्य एवं समाजसेवी राजेंद्र पुष्पा गोखरू ने कहा कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति जिम्मेदारी निभाना सामाजिक संवेदनशीलता का परिचायक है।

# मनीष नायक बने अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना के भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



**(किशन)** अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना का भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष उपतहसील ढिकोला निवासी मनीष नायक को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सौरव सिंह शेखावत एवं प्रदेश प्रभारी मनीष पालीवाल के निर्देश पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व की अनुशंसा से की गई। नियुक्ति पत्र में राष्ट्रीय संरक्षक भंवर सिंह पलाड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद सोनी व अन्य पदाधिकारियों ने नायक की सक्रिय सामाजिक भूमिका, नेतृत्व क्षमता एवं संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपे जाने की जानकारी दी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनीष नायक ने कहा कि उन्हें जो दायित्व मिला है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।